# राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का विधान सभा में हुआ आयोजन




## आज का युवा ही सच्चा भारत, विविधता में एकता और लोकतंत्र में विश्वास भारत की पहचानः विधान सभा अध्यक्ष

जयपुर. कंचन केसरी

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विकसित भारत युवा संसद को संबोधित करते हुये कहा कि आज का युवा ही सच्चा भारत है। युवा के मजबूत कंधो पर राष्ट्र का भविष्य है। देवनानी ने कहा कि भारत का संविधान सर्वोच्च है यह समाप्त नहीं हो सकता। संविधान हमारे लोकतंत्र की शक्तियों का केन्द्र है अतः यह हमारे लिए पूजनीय है। इसकी रक्षा करना हम सबका दायित्व है, विकसित भारत के लिए हमें संविधान के अनुकूल ही चलने की आवश्यकता है। राजस्थान विधान सभा में बुधवार को केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा द्वारा राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद का विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। देवनानी ने कहा कि आज हमें सुनीता विलियम्स जैसी धैर्य, आत्मविश्वास और दृढ़ता की प्रतिमूर्ति नारी शक्ति की आवश्यकता है। हमें हमारे सांस्कृतिक और राष्ट्रीय आदर्शों में निष्ठा रखते हुए उनके मान-सम्मान और गौरव को बनाए रखने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विरासत के प्रतीक महाराणा सांगा, छत्रपति शिवाजी, छत्रपति महाराज सम्भाजी की गौरवगाथा को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

### हमारी सोच, हमारी दृष्टि और हमारा दर्शन लोकतान्त्रिक

देवनानी ने कहा कि सभी मिलकर लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा, संवैधानिकता और अस्तित्व में विश्वास रखें। 150 करोड़ भारतीयों द्वारा चुनी गई सरकार भारत को विश्व में सर्वोच्च बनाने के लिए कार्य कर रही है। हमारी सोच, हमारी दृष्टि और हमारा दर्शन लोकतान्त्रिक है। लोकतन्त्र हमारे लिए सिर्फ राजनैतिक पद्धति ही नहीं बल्कि एक विचारधारा भी है। देवनानी ने कहा कि हम सभी मिलकर भारत को सुदृढ़ और विश्वगुरु के रूप में प्रतिस्थापित करना ही हम सभी का ध्येय होना चाहिए। जनसंख्या नियंत्रण, सामाजिक भेदभाव मिटाने, जातिवाद, क्षेत्रवाद को समाप्त करने, भ्रष्टाचार, बेईमानी को समाप्त करने में सभी को हर संभव योगदान देना होगा। देवनानी ने कहा कि हम सभी अपने कर्तव्यों व दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2047 तक विकसित भारत निर्माण के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भागीदारी निभायें। देवनानी ने कहा कि युवा इस देश का भविष्य है और कल के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सांसद और विधायक भी आप लोग ही है। उन्होंने कहा कि युवा क्षमताओं को एकीकृत करते हुए इस देश के निर्माण में योगदान दें और लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में सदैव भागीदारी रखें। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो यही भावना लोकतंत्र की है जिसे भारत ने अपनाया है, यही हमारे लोकतान्त्रिक संस्कार हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए युवा शक्ति को जागृत होना होगा, कमर कसनी होगी, एक आवाज उठानी होगी और इसके लिए दृढ़ संकल्प के साथ युवा को आगे बढ़ना होगा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि देश का हर कोना निराला है और हर कोने के लोगों में विविधता होने के बावजूद राष्ट्र प्रथम है जो हमारे लोकतंत्र की खासियत है। उन्होंने कहा कि युवा की राजनीति में भागीदारी जरूरी है। राजनीति विकास का आधार है। युवा सही दिशा में जायेगा तो देश तरक्की करके नई ऊंचाइयां छूयेगा। सही मायने में युवाओं को विकास पर मंथन करने की जरूरत है। राजस्थान ऐतिहासिक वीरों की भूमि है और यहां के युवा के रोम-रोम में वीरता समाई हुई है। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सचिव संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप विकसित भारत युवा संसद का आयोजन वाकई जीवंत कार्यक्रम है। युवाओं में असीमित उर्जा होती है। युवा प्रतिभावान होता है। यह मंच युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने और अपनी भूमिका को निभाने का मौका प्रदान करता है। युवा राष्ट्र की आवाज को बुलंद करें और भारत के विकास में सक्रिय भागीदारी निभायें।

## गणगौर गीत-संगीत के साथ मनाया पारंपरिक उत्सव

अजमेर. कासं

कोटड़ा सुंदर नगर स्थित स्नेहलता पारीक के निवास स्थान पर बुधवार गणगौर गीत-संगीत का भव्य एवं हर्षोल्लास पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस पारंपरिक उत्सव को जीवंत बनाया। कार्यक्रम में ईसर-गणगौर की पूजा की गई और राजस्थानी पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं गईं। इस दौरान इंद्रा पारीक द्वारा सजाई गई गणगौर ईसर की झांकी मुख्य आकर्षण रही। शारदा पारीक, राजकुमारी वर्मा और विष्णु कांता पारीक ने ह्यगोरा प्रणीजे ईसरजी चांवरिया में बैठया' और ह्यगणेश वंदना' प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। स्वाति, शिल्पा, माया, ज्योति, पूजा और पुष्पा ने 'मतवाला ईसर...' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, स्नेहलता, पुष्पा, संतोष खंडेलवाल और सुमन ने 'म्हारा बाबा जी रे मंडी गणगौर' गीत गाकर सभी की खूब सराहना बटोरी।

## संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगाः पारवानी

### कांग्रेसजन आगामी नगर निगम चुनाव में अजमेर में कांग्रेस को विजयी बनाने के लिए अपने अपने क्षेत्र में जुट जाएं

अजमेर. कंचन केसरी



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व अजमेर उत्तर के समन्वयक सुनील पारवानी के मुख्य आतिथ्य व कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को प्रातः कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक बी के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों व प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक होटल सिग्नेचर, रोडवेज बस स्टैंड के सामने आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए सुनील पारवानी ने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड/पंचायत व बूथ स्तर तक कार्यकारिणी का पुनर्गठन व सुदृढ करने के कार्य किया जा रहा है तथा इसके लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों को समन्वयक लगाया है और मुझे अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र का समन्वयक लगाया गया है। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन, लोकसभा चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी व अजमेर डेयरी के चेयरमैन रामचंद्र चौधरी, अजमेर उत्तर क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता, पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली आदि प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने संबोधित करते हुए संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया तथा आगामी नगर निगम चुनाव में अजमेर में कांग्रेस का बोर्ड बनाने के लिए वार्ड स्तर पर सक्रिय व निष्ठावान कांग्रेसजनों की टीम तैयार करने तथा भाजपा की ट्रिबल इंजन की सरकार के काले कारनामों, जनविरोधी नितियों का पर्दाफाश करने, जगह जगह व्याप्त भ्रष्टाचार, बेतहाशा बढ़ती महंगाई आदि समस्याओं की और जनता का ध्यान आकर्षित कर उन्हें जागरूक करने का आव्हान किया। बैठक का शुभारम्भ वन्दे मातरम गान के साथ हुआ, इसके पश्चात मुख्य अतिथि सुनील पारवानी सहित अन्य अतिथियों का ब्लॉक पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। बैठक में मुख्य रूप से पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, हेमंत जोधा, अंकुर त्यागी, कैलाश कोमल, अंकित घारू आदि कांग्रेस जन मौजूद थे तथा इन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया गणगौर का बिंदौरा

### गीतों के साथ दी नृत्य की प्रस्तुति

अजमेर. कंचन केसरी



आदर्श नगर माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से गणगौर बिंदोरा का आयोजन जिला अध्यक्ष मंजू मुरक्या की अध्यक्षता में किया गया और मंच संचालन मधु झंवर ने किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि माधुरी माहेश्वरी, शोभा ईनानी, आशा ईनानी ने भगवान शिव के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर महिलाओं ने होली अक्षत कुमकुम का थाल है, संग में रंग और गुलाल है, आया रंगीलो त्यौहार गणगौर है, आदि गीत गाए। जिलाध्यक्ष मंजू ने बताया कि सुहाग और सुख समृद्धि का यह त्यौहार घर-घर में ईसर गणगौर की पूजा करके सभी सुहागिन स्त्रियों द्वारा 16 दिन तक 16 श्रृंगार करके मनाया जाता है। व्रत उद्यापन पूजा करके पति की उम्र बढ़ाने के साथ साथ अखण्ड सौभाग्य के लिए यह व्रत किया जाता है। 16 दिन तक घर-घर जाकर बड़े लाड़ चाव से गोरा के बिंदोरा करती सभी सखियों ने आज मधुर गीतों की झंकार के साथ नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसमें ईश्वर गोरा के रूप में सज धज कर आई खुशी व प्रियंका व बच्चे आव्या व अवनी मुरक्या ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी। उषा हेड़ा, स्वाति हेड़ा, मंजू व उर्मिला मूंदड़ा ने राजस्थानी गणगौर के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। अरुणा चौधरी, सोनम व रुचिका मुरक्या ने हास्य नाटिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को चार चांद लगाने में विशेष सहयोग अरुणा चौधरी और वर्तिका राठी का रहा, जिन्होंने ईसर-गणगौर की झांकी को बड़ा सुंदर सजाया। गणगौर के सोलह श्रृंगार पर आधारित गणगौर का बिंदोरा हाउजी इंदिरा मूंदड़ा द्वारा खिलाई गई और मधु झंवर ने आने वाले सभी बहनों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

# जिले के किसानों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

### गुरुवार को गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का होगा आयोजन

भीलवाड़ा. कंचन केसरी

राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का आयोजन नगर निगम स्थित महाराणा प्रताप सभागार में किया गया। इस मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण

कार्यक्रम के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये अनुदान की स्वीकृति राशि का डीबीटी हस्तांतरण एवं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के मेले का शुभारंभ किया। साथ ही, पॉली हाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं, बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपए की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी, पशुधन स्वास्थ्य हेतु निः शुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा निर्देश भी जारी किए।




CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

# कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110060

परिशिष्ट -IV-A [ नियम 8 (6) व 9 (1) का परंतुक देखें ]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) व 9 (1) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को ''जैसी है जहां है'', जैसी है जो है'' तथा ''जो भी है वहां है'' आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार (रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. मैसर्स चिल्ड्रन परस्पर शिक्षा संस्थान (''कर्जदार'') 2. श्री राजीव नलवाया 3. श्रीमती ज्योती नलवाया 4. श्री रामेश्वर खींची 5. मैसर्स राजीव स्टोर (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNMENCH000029178 / 80400005692878 रुपये 83,43,664/- (रुपये तिरासी लाख तियालीस हजार छः सौ चौसठ मात्र) 22.03.2025 तक तथा भविष्य में लागू ब्याज के साथ। | संपत्ति संख्या 1: संपत्ति के समस्त अंश व खंडः मकान, परिमाप क्षेत्रफल 1825 वर्ग फीट, वार्ड नंबर 03, मीणों का चौराहा, तहसील छोटी सादड़ी, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312604, सीमाबद्धः उत्तरः गुणवंतीलाल पुत्र श्री छगनलालजी गोदावत की संपत्ति, दक्षिणः श्री चतरभुज जी सुथार का बाड़ा, पूरबः गुणवंतीलाल पुत्र श्री छगनलालजी गोदावत की संपत्ति, पश्चिमः श्री हीरालाल जी पुत्र मोतीलाल ब्राह्मण का मकान व सड़क। संपत्ति संख्या 2: संपत्ति के समस्त अंश व खंडः मकान, परिमाप क्षेत्रफल 718.45 वर्ग फीट, वार्ड नंबर 2, बड़ी सादड़ी दरवाजा, लोहार चौक, तहसील छोटी सादड़ी, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312604, सीमाबद्धः उत्तरः श्री कवरलाल जी का मकान, दक्षिणः रामचंद्र कुमार का मकान, पूरबः सड़क, पश्चिमः दिवार। | 1. ई-निलामी तिथिः 29.04.2025 (3:00 पीएम से 4:00 पीएम के मध्य) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथिः 28.04.2025 3. निरीक्षण की तिथिः 26.04.2025 | सुरक्षित मुल्यः संपत्ति संख्या 1 के लिए रुपए 29,50,000/- (रुपए उनतीस लाख पचास हजार मात्र) धरोहर राशि जमाः रुपए 2,95,000/- (रुपए दो लाख पिच्यानवे हजार मात्र) सुरक्षित मुल्यः संपत्ति संख्या 2 के लिए रुपए 35,50,000/- (रुपए पैंतीस लाख पचास हजार मात्र) धरोहर राशि जमाः रुपए 3,55,000/- (रुपए तीन लाख पचपन हजार मात्र) वृद्धि मूल्यः रुपए 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र) (प्रत्येक संपत्ति के लिए) |
| 2. | 1. श्री विष्णु पाटीदार (''कर्जदार'') 2. श्रीमती गीता बाई पाटीदार (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNMEMND000039336 (पुराना) / 80400005878744 (नया) रुपये 23,40,804/- (रुपये तेईस लाख चालीस हजार आठ सौ चार मात्र) 24.03.2025 तक तथा भविष्य में लागू ब्याज के साथ। | संपत्ति के समस्त अंश व खंडः भूमि एवं भवन मकान नंबर 1035, परिमाप क्षेत्रफल 2280 वर्ग फीट, सर्वे नंबर 1011 की भूमि के भाग पर स्थित, पट्टा नंबर 91, ग्राम गादोला, तहसील व जिला प्रतापगढ़, राजस्थान-312623 सीमाबद्धः उत्तरः मुख्य सड़क डेयरी, दक्षिणः स्वयं की भूमि, पूरबः श्री बाबरू पुत्र श्री लखमा का मकान, पश्चिमः श्री कंवर लाल पुत्र श्री राधाकृष्ण का मकान। | 1. ई-निलामी तिथिः 29.04.2025 (3:00 पीएम से 4:00 पीएम के मध्य) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथिः 28.04.2025 3. निरीक्षण की तिथिः 26.04.2025 | सुरक्षित मुल्यः रुपए 19,00,000/- (रुपए उन्नीस लाख मात्र) धरोहर राशि जमाः रुपए 1,90,000/- (रुपए एक लाख नब्बे हजार मात्र) वृद्धि मूल्यः रुपए 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें:-www. Capriglobal.in/auction/

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति ''जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार'' पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से 'ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड' द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता **मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079-68136880/68136837), श्री रामप्रसाद शर्मा मोबाइल नंबर 800-002-3297 / 79-6120 0559, ई-मेलः ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।**
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल पर अपने नाम का पंजीकरण https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) ''**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**'' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से **28-अप्रेल-2025** को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय **प्लॉट नंबर 13, दूसरी मंजिल, प्रताप नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर** को अधिकतम **28-अप्रेल-2025** के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर ''**कर्जदार नाम**'' की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - ............................................ (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदातओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/**प्लॉट नंबर 13, दूसरी मंजिल, प्रताप नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर** तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, बिक्री के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में देय डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) (यदि लागू हो) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. संपत्ति में मौजूद चल वस्तु (यदि कोई) की इस बिक्री के साथ पेशकश नहीं की गई है।
25. **क्रम संख्या 1 के लिए कृपया ध्यान दें कि सिविल न्यायालय-छोटी सादड़ी के समक्ष एक सिविल मुकदमा सी.सी. संख्या 124/2025 लंबित है।**
26. **अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड से संपर्क करें: श्री जितेन्द्र सिंह मोबाइल नंबर 9983291777 व अधिक पूछताछ के लिए सुश्री कल्पना चेतनवाला 7738039346 से सम्पर्क करें।**
27. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) व 9 (1) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 30 (तीस) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनीः बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थानः राजस्थान तिथिः 27-मार्च-2025 हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

# जना स्मॉल फाइनैंस बैंक

(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालयः दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालयः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

## ई-नीलामी सूचना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया राशि 25-03-2025 तक | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30799610000407 | 1) श्री श्याम लाल पुत्र श्री पूसा राम (आवेदक), 2) श्री राकेश पुत्र श्री श्याम लाल (सह-आवेदक) | 23.05.2024 | 21.02.2025 | रुपए 7,71,105.46/- (रुपए सात लाख इकहत्तर हजार एक सौ पांच व छियालीस पैसे मात्र) | 23.04.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 05:00 बजे तक | रुपए 5,94,400/- (रुपए पांच लाख चौरानवे हजार चार सौ मात्र ) | रुपए 59,440/- (रुपए उनसठ हजार चार सौ चालीस मात्र ) | 07.05.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 06-05-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पताः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सुरक्षित सम्पत्ति का विवरणः** समस्त अंश व खंडः अचल संपत्ति आबादी भूमि पट्टा संख्या 47, मिसल संख्या 90/2019-20, बही संख्या 11, ग्राम पंचायत ओलवी, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर, राजस्थान-342605, राजस्थान। परिमाप 108.33 वर्ग गज। **श्री श्याम लाल पुत्र पूसा राम द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्धः पूरबः** स्वयं की संपत्ति, **पश्चिमः** लेखराज की संपत्ति, **उत्तरः** आम रास्ता, **दक्षिणः** पारस राम की संपत्ति। | | | | | | | | | |
| 2 | 45919610002432 | 1) श्री भागीरथ पुत्र श्री बगताराम (आवेदक), 2) श्रीमती कमला पत्नी श्री भागीरथ (सह-आवेदक) | 10.04.2024 | 05.08.2024 | रुपए 10,32,050.32/- (रुपए दस लाख बत्तीस हजार पचास व बत्तीस पैसे मात्र) | 23.04.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 05:00 बजे तक | रुपए 4,48,000/- (रुपए चार लाख अड़तालीस हजार मात्र ) | रुपए 44,800/- (रुपए चवालीस हजार आठ सौ मात्र ) | 07.05.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 06-05-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पताः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सुरक्षित सम्पत्ति का विवरणः** समस्त अंश व खंडः अचल संपत्ति प्लॉट संख्या 16-17, खसरा संख्या 420/94, ग्राम मेलावास, महादेव नगर योजना, तहसील बावड़ी, जिला जोधपुर, राजस्थान-342305। परिमाप 177.77 वर्ग गज। **श्री भागीरथ पुत्र श्री बगताराम द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्धः पूरबः** प्लॉट संख्या 15, **पश्चिमः** प्लॉट संख्या 18, **उत्तरः** सड़क 30 फीट, **दक्षिणः** अन्य भूमि। | | | | | | | | | |

सम्पत्तियां ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबरः 9515160064** ई-मेल आईडीः **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला (मो. 8090655550), श्री रंजन नाइक (मो. 6362951653)**, प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**तिथिः 27-03-2025 स्थानः राजस्थान हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**